गर्भ के उचित विकास के लिये ब्याने के पहले गाय को दो से तीन महीने तक का पूरा आराम मिलना चाहिये । पशुपालक को ब्याने के प्रत्याशित समय का उल्लेख करना चाहिये और कम से कम प्रत्याशित तारीख के आठ से दस सप्ताह पहले दूध दुहना बन्द कर देना चाहिये । उसे अतिरिक्त पोषक पदार्थ देते रहना चाहिये । गर्भावस्था में गाय साफ सुथरे पोषण तथा रेचक आहार प्राप्त करती है । उसके आहार में कम से कम हरे चारे का चार से पांच पौंड तक का अंश शामिल करना चाहिये । गाय को सभी तरह की परेशानियों से मुक्त रखना चाहिये अन्यथा उसके गर्भ विकास पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है । जहां गाभिन गाय रहती है वहां अन्य पशुओं को न आने दिया जाय । ब्याने के पांच से सात दिन के पहले गाय को अलग शाला में रखना अच्छा होता है । जहां कहीं पक्की जमीन हो वहां तीन से ६ फुट तक

बैठने के द्वारा अपनी परेशानी जाहिर करे तो उसे शाला में स्वेच्छया घूमने दिया जाय । ग्वाला बछड़े के जन्म तक गाय के पास ही रहे लेकिन जब तक आवश्यकता न पड़े उसे परेशान न करें । ब्याने के बाद पांच से छः घंटे के अन्दर गर्भवेष्ट निकल जाना जरूरी है । गर्भवेष्ट निकलते ही उसे जला देना चाहिये । ब्याने के बाद रोगनाशक लोशन से शाला को बिलकुल साफ सुथरा किया जाय । बछड़े के सहज विकास के लिये गाय की देखभाल की जाय और उसे पर्याप्त हरा चारा तथा दाना दिया जाय ।

जन्म के समय पर बछड़े की सावधानी

पालन पोषण तरीके के अनुसार बछड़े की सावधानी अलग अलग हुआ करती है । पालन पोषण के दो तरीके हैं—एक बछड़े को अपनी माता का स्तनपान तथा दूसरा दूध न पीने देना । श्री एम एन लोरिसटन के अनुसार गाय पहले तीन दिन तक अपने बछड़े को दूध दे और उसके बाद उसे दूध न पीने दिया जाय तथा तब उसे बाल्टी से दूध पीना सिखाया जाय, लेकिन श्री सी० एम० पार के अनुसार बछड़े के जन्म

के तुरन्त बाद ही गाय की आंखें कपड़े से बांध दी जायें तथा फौरन बछड़े को उससे अलग कर दिया जाय ताकि गाय अपने बछड़े को पहचान नहीं सके । फिर भी निजी मालिकों की आवश्यकता के अनुसार बछड़े का पालन पोषण विभिन्न तथ्यों पर निर्भर करता है ।

ब्याने के बाद ही गाय बछड़े को चाट कर सुखाती है, बछड़े को सांस लेने में सहायता करती है तथा उसके रक्त संचार में भी मदद देती है। यह प्राकृतिक प्रकिया है । लेकिन जब जन्म के बाद बछड़े को गाय से अलग किया जाय तो उसे स्वच्छ तथा गरम स्थान में रखकर उसका मुंह तथा नाक रंद साफ करना चाहिये और मुलायम कपड़े से उसके शरीर को पोंछकर सांस लेने में सहायता करनी चाहिये । उसकी नाभि काटकर चार पांच दिन तक टिन्चर आयोडेन लगाया जाय जिससे वह सूख जाय । इस दशा में यदि मालिक सफाई तथा नाभि उपचार के नियमों का सही पालन न करे तो बछड़ा खतरनाक नाभि रोग का शिकार हो सकता है तथा उसको बड़ा नुकसान पहुंच सकता है । नाजुक मामलों में तुरन्त मौत हो सकती है और बछड़े के कराहने के सिवाय बीमारी के स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देते । केवल शवपरीक्षण से ही रोग के कारण का पता लग सकता है । साधारण मामलों में मूर्छा तथा अंगों की पीड़ा से बीमारी का पता चलता है । साधारणतया इस बीमारी से घुटने तथा पीछे के पैर अधिक प्रभावित होते हैं । कभी कभी नाभि सूजने लगती है और फोड़ा निकल आता है । इस प्रकार मालिक की साधारण लापरवाही के कारण या तो बछड़ा मर जाता है या वह बच भी गया तो भी अच्छी वृद्धि के लिये आवश्यक क्षमता खो बैठता है ।

पालन पोषण के समय प्रबन्ध

मकानः—रहने के लिये मकान का ढांचा तथा स्थान दिन रात के तापमान पर निर्भर करता है । बछड़ों को मौसम से बचाव करना चाहिय । प्रबन्ध की कुशलता की सुविधा के लिये भिन्न उम्र के बछड़ों को विभिन्न बाड़ों में रखा जाय । निम्न प्रकार से उनका वर्गीकरण हो :

वर्ग अ—जन्म से चार सप्ताह तक (पूर्णतः दुग्ध दशा)

वर्ग आ—चार से सत्रह सप्ताह तक (अलग की गई दुग्ध दशा)

वर्ग इ—अठारह से २६ सप्ताह तक (अलग की गई दुग्ध दशा)

वर्ग ई—२७ सप्ताह से १२ महीने तक (आहार तथा चारे की दशा)

बछड़ों के लिये भिन्न प्रकार के बाड़े होने चाहिये जिससे उचित व्यायाम संभव हो सके । भिन्न उम्र के बछड़ों के लिये विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकता है । प्रति बछड़ा अ,–२००, आ,–४००, इ,–१०००, और ई–१५०० फुट के बाड़े का क्षेत्र चाहिये । बाड़े में प्रति बछड़े के लिये हमेशा दस फुट का फर्श क्षेत्रफल हो । बछड़ा शाला के अतिरिक्त बाड़े में घने छायेदार पेड़, पानी की नाली तथा पक्के फर्श पर खिलाने का घास द्रोणी हो।

शाला, खिलाने तथा पानी का नाली, घास द्रोणी और बाल बछड़े से सम्बन्धित हर चीज बिलकुल साफ सुथरा रखी जाय । बाड़ा सूखा तथा रोशनदार हो । पक्का फर्श आसानी से साफ किया जा सकता है । यदि फर्श कच्चा हो तो मध्यान्तर पर चार ऊंचे स्तर लगा देना चाहिये । स्तर बनाये रखने के लिये कभी कभी मिट्टी छिड़की जाय । नियमित रूप से लोशन से बाड़ा साफ किया जाय ।

खाद्यक्रम

कोई भी खाद्यक्रम अपनाया जाय लेकिन जन्म के बाद कुछ ही घंटों या ६ घंटों के अन्दर ही बछड़े को खीस पिलाना चाहिये क्योंकि खीस में बछड़े की स्वाभाविक वृद्धि तथा संक्रामक रोग रोकने के सभी आवश्यक तत्व रहते हैं । खीस हल्का रोचक दार होता है और बछड़े की वृद्धि तथा विकास के लिये संतुलन का काम देता है ।

यदि बछड़ा अपनी माता के पास चूसना शुरू करे तो जन्म के तुरन्त बाद ही बछड़े को गाय के अयन के पास ले जाकर उसके मुंह में एक दो स्तन लगाना चाहिये । सबसे अच्छा तरीका यह है कि पहले बछड़े को उंगली चूसने दी जाय तथा बाद में वह अपने आप दूध पीने लग जाता है । बछड़े को सीधे बाल्टी से दूध पीने न दिया जाय क्योंकि ऐसा करने से अपचन हो जाने की संभावना रहती है ।

तीन सप्ताह की आयु के बछड़ों को खास कर दो बार खिलाना चाहिये । खिलाने के लिये कोई भी समय निश्चित किया गया हो लेकिन नियमित रूप से खिलाना चाहिये ।

बछड़े के साधारण शरीर ताप के अनुसार दूध पिलाया जाय। उदाहरण के लिए १०२° एफ उष्ण दूध को बाल बछड़ा अधिक आसानी से पचा सकता है। दूध पीने के बाद बछड़े का मुंह, नाक आदि गरम पानी से धोया जाय। उसी समय बछड़े के मुंह में नमक मिश्रित भूसा डाला जाय ताकि वह जल्दी दूध का स्वाद ले सके तथा जीभ घुमाना तथा योंही चूसना छोड़ सके। खाद्य देते समय इस बात का पूरा प्रबन्ध किया जाय कि बछड़े एक दूसरे को चाट न सकें। विशेषकर दूध पीने के बाद उनको चाटने की आदत हो जाती है। बेकार चाटने की आदत पाचन क्रिया को खराब करती है तथा बछड़े के स्वाभाविक विकास को अवरुद्ध करती है। यदि नाभि सूजने लगे तो संक्रामिक बीमारी फैल सकती है। इसे रोकने के लिये चार महीने के अन्दर की आयु वाले बछड़ों के मुंह पर मुसीका लगाया जाय तथा दूसरे बछड़ों को पांच सात फुट दूरी पर अलग बांधा जाय। बाल्टी के जरिये खिलाने से बछड़ा स्वाभावतः ज्यादा खाने लगता है लेकिन दूध पीना छोड़ देता है। कम खर्च पर बछड़े पालने की सफलता इसी बात में है जब बछड़ा तीन महीने की आयु का होता है तब वह कम से कम एक पौंड दाना पचा सकता है। लेकिन केवल २१ दिन के बाद ही दाना खिलाना शुरू किया जाय। उसके बाद थोड़े समय के अन्दर कम मात्रा में पका घास भी दिया जा सकता है जिससे रोमान्थिका का विकास हो सके तथा बछड़ा कम दूध पी सके। घास की मात्रा की ऐसी व्यवस्था हो कि तीन महीने के बाद कम से कम दो पौण्ड घास खिलाया जा सके। पात्र द्वारा खिलाने की पद्धति में मांड जैसे पौष्टिक पदार्थ तैयार करने में पैसा व्यर्थ नष्ट न किया जाय। सूखे आहार पर बछड़े का पालन पोषण अधिक लाभदायक है अतः उसकी सिफारिश की जाती है।

ग्रामीण वातावरण में बछड़े को सुबह-शाम दुग्ध दोहन के पहले तथा बाद में कुछ मिनिट तक स्तन पान करने दिया जाय दूसरे महीने के बाद से १ :१० प्रमाण के पानी में समान अनुपात से पकाये गये धान, रागी तथा तीसी से मांड तैयार किया जाता है और उसमें एक औंस साधारण नमक तथा गुड़ मिलाकर दोपहर को खिलाया जाय। तीसरे महीने के बाद से सिफारिश के अनुसार दाना खिलाया जाय। दूध छुड़ाने की पद्धति की तुलना में यह तरीका खर्चीला है और इसकी कई खराबियां हैं। पशु मालिक पोषण विशेषज्ञों की सिफारिश के अनुसार नियमित रूप से दूध, दाना, घास आदि खिलाया करें। उत्तम प्रबन्ध के साथ सन्तुलित आहार बछड़ों की सहज वृद्धि में बहुत सहायक होता है। आहार में सभी तरह के पोषक तत्व शामिल हों।

यदि मालिक मकान तथा खाद्य की जरा सी भी उपेक्षा करें तो वैट स्कोर जैसा भयानक रोग हो सकता है। इससे बछड़ों की क्षमता क्षीण हो जाती है। यदि इस बीमारी से बछड़ा बच भी जाय तो भी उसकी सहज वृद्धि अवरुद्ध हो जाती है। स्कोर का कारण पालन सम्बन्धी या संक्रामक हो सकता है। गन्दी बल्टी के जरिये आवश्यकता से अधिक ठण्डा तथा गन्दा दूध पिलाने से पोषण सम्बन्धी स्कोर आता है। आहार पर कड़ा नियंत्रण रखकर इस रोग का निवारण किया जा सकता है। संक्रामक स्कोर को उत्तम प्रबन्ध के लिये प्रस्तावित सावधानियां बर्तकर रोका जा सकता है।

सींग निकालना

पशु को पालने तथा एक दूसरे को चोट न पहुंचाने की दृष्टि से सींग निकालना जरूरी है। बछड़ों के १५-२० दिन की आयु में ही सींग निकालना अधिक सुविधाजनक होता है। लेकिन कम से कम एक सप्ताह में सींग उगने की जड़ में थोड़ा सा कास्टिक पोटाश डाला जाय। कास्टिक डालने के पहले वेसलेन मलना चाहिये जिससे बाकी चमड़ा खराब न हो सके। घोड़े को साफ करने वाले ब्रुश से बछड़े के शरीर को साफ करना बहुत अच्छा होता है। रोज ब्रुश लगाने से चमड़ा साफ सुथरा बनता है और पालक तथा बछड़ों में घनिष्टता बढ़ती है। गरमियों में सुबह एक बार बछड़ों को नहा कर स्वच्छ कपड़ों से पोंछ देना चाहिये। पशु पालक केवल उन्हीं बछड़ों का पालन करे जिसके लिये वह आवश्यक खर्च कर सके। जिन बछड़ों के उत्पादन सम्बन्धी अभिलेख नहीं उन्हें बेच दिया जाय। यदि बछड़ा स्वाभाविक रूप से उन्नति न करे तो अनावश्यक खर्च के पहले ही उसे बेच दिया जाय। सफल तथा मितव्ययी पालन के लिये उन्हें निकाल देना आवश्यक है।

सुरक्षित हरा चारा

जार्ज ई अलवर्ज

पशुपालन विभाग, बम्बई

सायलेज क्या है ?

सायलेज हरे चारे को लगभग हवा तथा पानी अप्रवेश साईलो में रखने का एक तरीका है और साइलो में रखने से हरे चारे का पोषक तत्व बहुत ही कम घटता है। सायलेज का सुरभि तथा पील रंग आम्ल उफान से आता है और ठीक तरह से कसे हुए साइलो में ही अम्ल उफान होता है। सफल साइलेज बनाने का सबसे महत्वपूर्ण तथ्य चारे को पूरी तरह कसकर बांधना है जिससे साइलो में हवा तथा पानी बिलकुल न जा सके।

सायलेज क्यों ?

चूंकि गर्मियों में हरा चारा मिलना मुश्किल है इसलिये सायलेज खिलाना सुविधाजनक तरीका है। बम्बई की वर्तमान खेती व्यवस्था में अधिकांश फसल वर्षा पर निर्भर है क्योंकि सिंचाई के अन्दर बहुत कम क्षेत्र है और सालभर हरे चारे का उत्पादन करने के लिये सिंचाई का इन्तजाम नहीं है। फलस्वरूप प्राय: हरेक फाम में हरे चारे की कमी है। पशुओं की उत्पादन या कार्य क्षमता बढ़ाने के लिये वर्ष भर हरा चारा खिलाना जरूरी है। आमतौर पर धूप में चारा सूख जाता है और उसका पोषक तत्व नष्ट हो जाता है इसलिये वर्षा ऋतु में जब कि हरा चारा काफी मिलता है उसे सायलेज बनाकर पूरा फायदा उठाया जा सकता है।

साइलो गर्त कैसे बनाया जाय ?

साइलों के कई रूप हैं लेकिन हमारे किसानों के लिये सबसे अधिक उपयोगी साइलो गर्त है जो दो प्रकार के होते हैं--कच्चा तथा पक्का। कच्चे साइलो जमीन में खोदे गये सिर्फ गर्त हैं और सायलेज बनाने के लिये उनका उपयोग किया जाता है। कच्चे साइलो में चारा जमीन से मिलने तथा पानी अन्दर आ जाने के कारण बहुमूल्य चारे का बहुत अंश खराब हो जाता है इसलिये सिमेण्ट की ईंट या पत्थर से गर्तों को बनाना चाहिये ऐसा करने से आगे जाकर फायदा मिलेगा। पानी अप्रवेश पक्के साइलो में खराबी के कारण केवल १०,१५ प्रतिशत का ही नुकसान होता है जबकि कच्चे गर्तों में यह नुकसान २५ प्रतिशत तक बढ़ सकता है। यदि पूर्णत: पक्के साइलो बनाना संभव न हो तो गर्त के निचले भाग तथा किनारों को काष्टफलक से कड़ा करना चाहिये। ५ : इंच का पूरा स्तर बढ़िया नींव का काम दे सकता है। साइलो का आकार सायलेज की आवश्यकता पर निर्भर करता है। फिर भी व्यास में चौदह फुट तथा गहराई में दस फुट के साइलो में कम से कम बीस टन हरे चारे का सायलेज बनाया जा सकता है। विकल्प आकारों की सिफारिश की जाती है :--

१--१२ फुट व्यास तथा १२ फुट की गहराई

२--१० फुट व्यास तथा १५ फुट की गहराई

साइलो गर्त गोलाकार हो और जहां तक हो सके उनका दीवार मुलायम हो ताकि उसके अन्दर के माल को बांधने में सुविधा हो सके। साइलो ढकते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जाय कि हवा घुसने का कोई छिद्र न रहने पावे। साइलो गर्तों की क्षमता के अनुसार साइलो के दीवारों में १ फुट से १$\frac{1}{2}$ फुट की राजगीरी लगाई जाय।

व्यास कम तथा गहराई अधिक वाले साइलो अच्छे होते हैं। लेकिन आवश्यकता से अधिक गहराई से साइलो गर्त बनाने तथा उस में सायलेज निकालने में कई बाधाएं हैं। चौदह फुट व्यास का गर्त बहुत सुविधा जनक होता है। गर्तों की कुल ऊंचाई ३० से ३५ फुट तक सीमित होनी चाहिए। यदि संभव हो सके तो शाला बनाकर वर्षा न गिरने का प्रबन्ध करना चाहिये।

सायलेज के लिये चारा

सभी तरह के हरे चारों से सायलेज तैयार किया जा सकता है । फिर भी फलीदारों से सायलेज बनाना कठिन ही नहीं, खर्चीला भी है। इसलिये आम तौर पर कई तरह की फसलों तथा घासों से ही सायलेज बनाया जाता है ।

फूल निकलने की दशा में घासों को फसल बनाकर साइलो में रखने लायक हो जाते हैं। जो घास देरी से फसल की जाती है उससे साइलेज बनाना मुश्किल होता है । मकई के दाने जब दूधिया होते हैं तब उससे साइलेज बनाया जा सकता है । दूधिया दशा में ज्वार की फसल बनाने पर उससे बढ़िया साइलेज निकल सकता है । यदि चारे को बहुत पहले ही काट लिया जाय तो उससे साइलेज कम बनता है । अच्छा साइलेज बनाने के लिये घास को छोटे टुकड़ों में काट देना चाहिये । साइलो भरते समय चारे को इस प्रकार बांध देना चाहिये कि हवा नहीं जा सके । जब साइलो भरा जा रहा हो तब बैलों के जोड़े से साइलो के चारे को रौंदवाने से अच्छे परिमाण निकलते हैं। साइलो के किनारों से चारे को कसकर बांधना बहुत जरूरी है । साइलेज बनाये जाने वाले चारे को अधिक समय तक धूप में नहीं सुखाना चाहिये अन्यथा साइलो भरते समय माल के हरेक आधे फुट के स्तर पर पानी छिटकना आवश्यक होता है। तीन दिन के अन्दर ही साइलो को भरना तथा ढकना चाहिये । साइलो के सिरे से चारे को करीब तीन या चार फुट दबा देना चाहिये और तब एक फुट स्तर की घास तथा मिट्टी के स्तर से उसे ढक देना चाहिये । कुछ ही दिनों में चारा गलने लगता है । जैसे जैसे उसका स्तर नीचे जाने लगता है अतिरिक्त मिट्टी से उसे ढकना आवश्यक है जिससे खली हवा अन्दर नहीं जा सके।

कब साइलो खोला जाय ?

आम नियम के अनुसार यदि गर्त को ठीक तरह से भरा जाय तथा पानी न जाने दिया जाय तो अधिक नाश के बिना साइलेज को गर्त के अन्दर दो तीन वर्ष तक रखा जा सकता है। फिर भी बन्द करने के दिन से तीन महीने के पहले तक गर्त को खोलना नहीं चाहिये ।

अच्छ साइलेज में बहुत मीठी सुगन्धि हो तथा वह पीले रंग का हो । अधिक आम्ल-सुगन्धि तथा काला रंग पडना घटिया किस्म के साइलेज की निशानी है । आवश्यकता पड़ने पर साइलेज को स्तरों के क्रम से निकालना चाहिये ।

सभी तरह के पशुधन के लिये साइलेज स्वादिष्ट होता है । एक वयस्क पशु को दिन में तीस पौंड तक साइलेज खिलाया जा सकता है । प्रजनन सांड को प्रतिरोज साइलेज खिलाना १५ पौंड तक सीमित रखना चाहिये । बाल पशुधन को उनकी आवश्यकता के अनुसार साइलेज खिलाना चाहिये लेकिन एक वर्ष से कम आयु वाले बछड़ों को एक या दो पौंड साइलेज से ज्यादा नहीं खिलाना चाहिये । डेरी पशुओं के लिये साइलेज अत्यन्त आवश्यक है । जहां तक हो सके, मितव्ययी तौर पर गोयूथ बढ़ाने के लिये तथा पशुओं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये श्रेष्ठ चारा खिलाया जाय। दाना खिलाना कम किया जा सकता है क्योंकि साइलेज दानों से अधिक स्वादिष्ट तथा पौष्टिक होता है। जब हरा चारा खर्चीला तथा उसकी कमी होती है तब साइलेज उसका काम दे सकता है। साइलेज बनाने में १२ से १५ प्रतिशत से अधिक नुकसान न हो। सावधानी बरतने से यह प्रतिशत भी घट सकता है।

साइलेज पशुओं के लिए

- **स्वादिष्ट है ।**
- **पोषक है ।**

साइलेज बनाइये, व्यर्थ हानि रोकिए



फरवरी के दूसरे सप्ताह में नई दिल्ली में अखिल भारतीय गोपशु प्रदर्शनी हुई ।
(ऊपर) प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री श्री मुरारजी देसाई ।
(नीचे) श्री श्रीमन्नारायण प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ घोषित पशु को देख रहे हैं ।



पशु-विकास की कुछ समस्याएं

एम० पी० जोहरी

उत्तरप्रदेश पशु-चिकित्सा तथा पशुपालन विद्यालय, मथुरा

पशुओं के उत्तम तथा वैज्ञानिक प्रबन्ध से उनके उत्पादन वृद्धि तथा कार्य क्षमता में विकास होता है और इससे पशु मालिकों को भी काफी फायदा होता है। यदि दूध उत्पादक गाय को बढ़िया मकान, उचित देखभाल, संतुलित आहार, मौसम से बचाव, स्वस्थ वातावरण आदि की सुविधाएं दी जायें तो गाय की दैहिक क्षमता का अधिकतम विकास हो सकता है। किसान इस प्रकार का प्रबन्ध करके मुनाफे के रूप में अच्छा प्रतिफल पा सकता है।

भारत में कुल कृषि योग्य भूमि पर दूसरे पशुधन के अतिरिक्त ३५ करोड़ ७० लाख आदमी तथा १५ करोड़ ५० लाख पशु निर्भर करते हैं। इसलिये भूमि तथा पशु की उत्पादकता को अधिकतम सीमा तक बढ़ाना पड़ेगा।

नियोजित अर्थव्यवस्था में पशु आदमी का पूरक है और उन्हें अपनी आवश्यकता के लिये एक दूसरे का मुकाबला नहीं करना चाहिये। पशुओं के वर्तमान निम्न जीवन निर्वाह स्तर के कारण उनका उत्पादन घट रहा है, स्वास्थ्य बिगड़ रहा है और अनियमित प्रजनन होता है। पशुओं से उचित लाभ न होने के कारण किसान उन पर कम ध्यान देता है। पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने के लिये हर संभव प्रयत्न किया जाना चाहिये ताकि किसानों को पूरा लाभ मिल सके।

चुनाव की आवश्यकता

बढ़िया चुनाव से प्रजनन करने से पशुधन का समुचित विकास हो सकता है। अज्ञात कुल के पशुओं से प्रजनन करना हानिकारक है।

पशुधन की संख्या घटाने के लिये गोयूथ से नर पशुओं का अमल निर्मूलन एक तरीका है। एक तरीका यह भी है कि केवल चुनी हुई गायों से ही प्रजनन किया जाए। लेकिन स्पष्ट कारणों से इस तरीके की भी निश्चित सीमाएं हैं।

भारत में पशुओं को बाड़ों में खिलाया नहीं जाता और वे चराई के लिये बाहर जाते हैं। प्रतिवर्ष पैदा होने वाले नर बछड़ों को एक वर्ष के बाद प्रजनन आयु के पहले बधिया कर देना चाहिये। प्रजातंत्र व्यवस्था में गोयूथ के सभी नर बछड़ों को अनिवार्य रूप से बधिया कर देना संभव नहीं है। इसलिये निम्न उत्पादक तथा संक्रामक रोगों से ग्रस्त तथा प्रजनन के लिये अनुपयुक्त गायों को प्रजनन काम में नहीं लाना चाहिये, क्योंकि ऐसा करने से भावी गर्भावस्था से गर्भवती गाय को काफी नुकसान पहुंच सकता है तथा गाय के लिये भी खतरा है।

हमारे देश में बधिया करने में निम्न बातों पर पूरा पूरा ध्यान देना चाहिये।

बधिया करने का तरीका बहुत सस्ता तथा प्रभावशाली हो। पेचीदा औजार काम में न लाये जायें। ग्रामीण परिस्थितियों के लिये भी यह अनुकूल हो और इस तरीके से जनता सहमत हो। पशुओं के उत्तम प्रबन्ध के लिये निर्धारित राष्ट्रीय योजना में पशुओं पर और भी अधिक ध्यान देकर अधिक उत्पादन बढ़ाने की भी पूरी व्यवस्था की जाय। पशुओं को अधिक उत्पादक बनाने की हर संभव कोशिश की जाय। अनावश्यक पशुओं का उन्मूलन किया जाय। अधिक उत्पादन के लिये उत्तम प्रबन्ध की सफलता इसी बात में है कि मनुष्य, भूमि और पशु की जटिल समस्या का संतोषप्रद हल किया जाय।

लेखक : एन० एम० सोलंकी

गोशाला विकास अधिकारी सौराष्ट्र, राजकोट

सौराष्ट्र गीर गायों, जाफराबादी भैंसों, काठी घोड़ों, काठियावाड़ी भेड़ों तथा बकरियों के लिये मशहूर है। उसके प्रमुख साधनों में पशुधन सम्पदा एक है और वहां गीर, पंचाल, थांगा, शेत्रुंजा नागहर, बारडा और अलेस की प्रसिद्ध पशुशालाएं हैं। सौराष्ट्र में घी तथा ऊन का विकसित व्यापार है। सौराष्ट्र में पशु-प्रजनन के लिये मौसमीय वर्षा तथा दूसरी परिस्थितियां भी अनुकूल हैं। पशुधन की कुल संख्या ३३ लाख है। नीचे ब्यौरेवार विवरण दिया जाता है :—

गोपशु	१३ लाख
भैंस	५-५ लाख
भेड़	८-५ लाख
बकरी	५-५ लाख
दूसरा पशुधन	०-५ लाख
कुल	३३ लाख

गोचर भूमि

कुल औसतन २,१२,७१५ एकड़ भूमि में ५९२ बीड़ हैं। ६,८३,७५३ एकड़ गोचर भूमि है। चराई के लिये ११,२७,०५६ एकड़ पड़त भूमि है। ७,५६,३२७ एकड़ भूमि में जंगल हैं। सौराष्ट्र में प्रचलित वनस्पति, घास तथा फलीदार निम्न पदार्थ हैं :—

१—जिन्जवो	१४—वेलनी
२—सानीयर	१५—गंधारो जिन्जवो
३—कडवी	१६—खरिय
४—मोहाती	१७—गुनडोड
५—कागड़ो	१८—कालियू किस्म
६—धौली	१९—भंगोरू
७—जिन्जवो मोटो	२०—समन सोतु
८—सुखाली	२१—कनेरू
९—बार्न	२२—शटाड
१०—खेवडो	२३—समेर्वो
११—रोसडो	२४—लांपड
१२—गरोलू	२५—बेकारियो
१३—कालियू	

पशुपालक

सौराष्ट्र में मालधारी यायावर पशु पालकों की संख्या करीब दो लाख है और उनके लगभग ३४,००० हजार परिवार हैं। शताब्दियों से कुशलतापूर्वक पशु प्रजनन करना उनका मौरासी पेशा रहा है। मारवाड़, खाड़ी, चारन, अहीर, मेर, मटवा आदि मुख्य पशुपालक हैं। उक्त परिचय से यह स्पष्ट है कि सौराष्ट्र अपनी पशुसम्पदा विकास करने के लिये बहुत क्षमता रखता है।

गीर-पशु

दक्षिण सौराष्ट्र में पहाड़ हैं, जिन्हें गीर पहाड़ कहते हैं और उसके आसपास के जंगलों को गीर जंगल कहते हैं। यहां पर इस गो नस्ल की पैदाइश होने के कारण इस का नाम भी गीर पड़ा। सौराष्ट्र में यह नस्ल "देशन" नाम से पुकारी जाती है जिसका अर्थ है—स्थानीय नस्ल। इस शब्द से यह साबित होता है कि सौराष्ट्र में गीर नस्ल का जन्म हुआ है। सौराष्ट्र से बाहर यह नस्ल काठियावाड़ से आने के कारण "कठियावाड़ी" नाम से जाना जाता है। गीर बहुत प्रसिद्ध नस्ल है और यह दोकारी जाति है। भारत के कई भागों के जलवायु में यह नस्ल घुल मिल गई है, इसीलिये सारे भारत में इसकी मांग है।

यायावर पशुपालक अपने गोयूथ के प्रजनन के लिये बछड़ों के चुनाव पर विशेष ध्यान देते हैं। अधिक दुधारू तथा उत्तम नस्ल की गाय का बछड़ा चुना जाता है। इस प्रकार चुने गये बछड़े को गाय का सारा दूध छोड़ देते हैं और उसकी देखभाल तथा दाना-पानी पर बहुत ध्यान दिया जाता है।

सौराष्ट्र में पशु-प्रबन्ध की कार्यप्रणाली

गोयूथ प्रबन्ध

आमतौर पर आठ दस परिवार के पशुपालक लोग समूह बनाकर चराई की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते हैं। इस समूह के पास करीब पांच छः सौ पशु होते हैं और वे अस्थाई डेरा लगाते हैं जिन्हें स्थानीय झोग "नेस" या "नेशडो" कहते हैं। कांटों तथा झाड़ी से निर्मित एक अस्थाई चहारदीवारी से नेस घेरा जाता है और उस चहारदीवारी का केवल एक ही द्वार रहता है तथा उस द्वार के सामने ही मालधारी अपना डेरा डालते हैं। पशु बांधे नहीं जाते लेकिन कांटों तथा झाड़ी के घेरे के अन्दर खुले रखे जाते हैं। जब चराई क्षेत्र की घास खत्म हो जाती है तो डेरा उठाकर फिर उपयुक्त चराई क्षेत्र के पास डेरा डाला जाता है। साधारणतया दूध, घी या खोवा के रूप में बेचा जाता है। परिवार सदस्यों तथा बाल पशुओं के लिये मटठे का उपयोग किया जाता है।

पशुओं को अधिकतर दाना खिलाया जाता है। केवल दुधारू पशुओं को बिनौला, मूंगफली, खली आदि खिलाये जाते हैं। गीर गायों की एक विशिष्ट प्रवृति है कि वे आवाज से ही अपने मालिक को पहचान सकती हैं और साधारणतया केवल उसकी एक पुकार से ही वे एक जगह एकत्र हो जाती हैं। इस नस्ल का सीधा स्वभाव है और इसीलिये गांवों तथा शहरों में भी कई परिवार एक दो गीर गायों को पाल लेते हैं। इन गायों ने करीब ४० पौंड तक दूध दिया है अब भी इस हद तक दूध देना इस नस्ल की निशानी है। सन् १९५८ नवम्बर में आनन्द में अखिल भारतीय पश्चिमी क्षेत्र पशु प्रदर्शनी हुई थी। उसमें राजकोट केअमद खामिसा मालधारी की "पंडर" नामक गाय ने प्रति दिन ४० पौंड दूध देकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

साधारणतया नर बछड़े किसानों को सौ से डेढ़ सौ रुपये के दाम पर बेचे जाते हैं और किसान खुले तरीके से बछड़ों को बधिया कर देते हैं तथा उन्हें हल चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। गीर बैल ताकतवर होते हैं और लम्बे अर्से तक काम दे सकते हैं। भारी कृषि-कर्म तथा सौराष्ट्र के पहाड़ी क्षेत्रों के लिये वे और भी अधिक उपयोगी हैं।

प्रजनन

चार से पांच वर्ष के मध्यान्तरों पर बैल या तो दूसरे मालधारियों से बदले जाते हैं या उनका आदान-प्रदान किया जाता है।

राजकोट, बाढ़वान, भावनगर तथा जामनगर जैसे शहरों में गीर गाय के बढ़िया नमूने दिखाई देते हैं और मालधारी प्रधानतः शहरों को दूध भेजने के लिये गायों का पालन-पोषण करते हैं। शहरी जीवन अधिक खर्चीला होने के कारण शहरों में केवल अधिक दुधारू गायें ही रखी जाती हैं। इसलिये पशुपालक अधिक उत्पादक गायों को ही अपने पास रखते हैं। गीर स गौण पशु है। राजा-महाराजों और महन्तों ने इस नस्ल के पालन तथा विकास में योग दिया है और अभी भी उनकी निजी गोशालाओं में इस नस्ल के उत्तम पशु देखे जा सकते हैं।

चारों का खाद्यक्रम

तीन से चार महीने तक के पशु बीड़ों में केवल हरी चराई पर पाले जाते ह। पशुओं को विभिन्न समयों पर प्राप्त चराई को देखते हुए आवश्यकतानुसार सूखी घास, हरा चारा और साइलेज खिलाये जाते हैं।

दाने का खाद्यक्रम

१—दुधारू गायों को दुग्ध उत्पादन के आधे अंश के बराबर दाना दिया जाता है।

२—सूखी तथा गाभिन गायों को : ३ से ४ पौंड तक,

३—बाल पशुधन को : २ पौंड,

४—बैलों को : ४ पौंड,

५—युवा बैलों को : २ पौंड।

दुधारू गायों के आहार में निम्न पदार्थ शामिल किये जाते हैं :

मूंगफली की खली	तीन भाग
बिनोलों की खली	डेढ़ भाग
बिनौले	डेढ़ भाग
साफ किया धान	दो भाग
मकई मांड	एक भाग
गेहूं भसी	ढाई भाग

कुलठी	एक भाग
पीसा ग्वार	एक भाग
तुअर चूनी	एक भाग

दूसरे पशुओं के आहार में निम्न पदार्थ शामिल किये जाते हैं :

मूंगफली की खली	दो भाग
बिनौलों की खली	डेढ़ भाग
तुअर चूनी	एक भाग
मकई मांड	एक भाग
कुलठी	आधा भाग

विशेष सुधार दिखाया है। उत्तम आहार, प्रबन्ध तथा चुने हुए प्रजनन से बांछित सफलता हासिल की जा सकती है। निम्न तालिका से यह सिद्ध हो जाता है।

उपसंहार

देश के विभाजन के परिणामस्वरूप सिन्धी, थारपरकर और शाहीवाल जसी हमारी महत्वपूर्ण पशु-नस्लें पाकिस्तान में चली गई हैं। वहां से इस नस्ल के पशुओं को प्राप्त करना संभव नहीं है। दुग्ध-अभाव के कारण भारत में पशुओं की अधिक मांग है। फलस्वरूप गीर नस्ल की महत्ता बढ़ गई है।

यह तालिका एक दुग्धकाल में गायों के पांच हजार पौंड से अधिक दुग्ध उत्पादन दिखाती है :—

क्रम संख्या	गाय का नाम	दुग्धकाल का दूध उत्पादन	दूध देने के दिन	सूखे दिन	दुग्ध दिन पर प्रति रोज औसतन दुग्ध उत्पादन	दुग्धकाल में प्रति दिन औसतन दुग्ध उत्पादन
१	२	३	४	५	६	७
१.	सावित्री	८४२६	६००	८१	१४.१	१२.१
२.	छोगली	६९१२	२३६	१७१	१७.३	१३.२
३.	सरस्वती	६७३५	३४७	९६	१९.३	१२.२
४.	धोली	६६३३	४५०	१२१	१४.६	११.५
५.	दमयन्ती	६२९९	३०८	७०	२०.८	१६.०
६.	भद्रा	६२६२	४२४	११०	१४.५७	११.६
७.	शारदा	६२५८	५०४	७०	१२.५	९.०
८.	सरोजिनी	५७७२	३९८	२०२	१४.४	९.६
९.	नानी	५७०२	४२२	११८	१३.६	१०.७
१०.	झिझंडी	५६३५	४०७	१३२	१३.८	१०.४
११.	कोकिला	५५२८	३२०	१८०	१७.४	११.०
१२.	सुचरिता	५२४६	२७६	८८	१८.६	१४.४

गीर गोयूथ के सुधार में "निखिल" नामक सांड का महत्वपूर्ण हाथ रहा है। निखिल सांड की पुत्रियां सुचरिता, दमयन्ती, अलणा, जौहर, कोकिला, यशोदा और अंजना ने अपनी माताओं से भी अधिक दूध देकर दुग्ध उत्पादन में

फिलहाल सारे भारत से इस नस्ल की मांग बढ़ती रही है। भारत के कुछ राज्य गीर नस्ल की नियमित मांग कर रहे हैं : ब्राजील जसे विदेश भी मुंहमांगा दाम देकर इस नस्ल को खरीदना चाहते हैं।

पालघर और बुलसार के बीच घास तैयार करना किसानों का मुख्य व्यापार है। हरी घास काटने तथा सूखी घास को बाजार में भेजने की यहां की प्रक्रिया बहुत सुयोजित होती है। तटीय क्षेत्र में वर्षा ४० से १५०" तक होती है और मुख्य फसल धान तथा घास है। भूमि भी गीली है।

आमतौर पर सभी घास भूमि के मालिक फसल बनाने तथा उसे काटने का प्रबन्ध करते हैं और कटी घास को बोखिली, अन्धेरी, बान्द्रा, दादर, केन्द्र बम्बई, महालक्ष्मी जैसे अधिकतर बम्बई के विभिन्न केन्द्रों में भेज देते हैं। बम्बई में नियमित दलाल हैं जो अपने जिम्मे पर घास को बाजार दर पर बेच देते हैं और मालिक को बिक्री-सूची तथा नगद राशि भेज देते हैं तथा इस काम के लिये दलालों को कुछ रकम दी जाती है।

भूमि को टेण्डर पद्धति पर काटने से लेकर बांधने तक अनुबन्ध को दी जाती है। उक्त पद्धति पर ये अनुबन्धक भी काम करते हैं।

घास ले जाना

स्थानीय गाड़ीवालों को घास ले जाने के लिये भी कुछ अग्रिम रकम दी जाती है। साधारणतया गाड़ीवाले आदेश के अनुसार घास ले जाने आते हैं और वे गाड़ी की क्षमता के अनुसार एक दो गंजी अपनी गाड़ी में भर के ले जाते हैं। फासले के हिसाब से उन्हें प्रति गंज का हिसाब दिया जाता है। साधारणतया एक मील के औसतन क्षेत्र के लिये उन्हें प्रति गंज एक रुपया दिया जाता है। इस प्रकार घास संग्रह केन्द्र पर आ जाता है जहां छोटी गंजियों का एक बड़ा गंज बनाया जाता है।

घास बनाना और विपन

ए० बी० पटेल

अनुबन्ध के आधार पर बरसाती मौसम में मजदूरों को अग्रिम मजदूरी दी जाती है इसलिये जब बरसात का मौसम खत्म हो जाता है तो दशहरे के आसपास मजदूर हरा घास काटने के लिये आते हैं। मौसम में दो तीन आदमी छः एकड़ हरे घास को काट सकते हैं। साधारणतया तीसरे दिन घास को छोटी छोटी गुन्डियों में बांध दिया जाता है और बाद में वह सूख जाती है। इस प्रकार की छोटी गुण्डी भार में करीब एक पौंड होती है लेकिन यह घास के गुण पर निर्भर करता है। घास के ऐसे ५२५ बण्डलों को एक नियमित गंजी में एकत्र किया जाता है। काटने से लेकर ५२५ गुण्डी वाली गंजी बनाने के लिये मजदूरों को साढे तीन रुपये दिये जाते हैं और मुकद्दमे को चार रुपये का कमीशन मिलता है। घास उत्पादक का यही आम तरीका है, लेकिन सरकारी घास

संग्रहालय में गाड़ीवाले छोटी गंजों को भर देते हैं और मजदूर नियमित रूप से गंजी में घास एकत्र करते हैं ताकि धूप, वर्षा तथा दूसरे कारणों से घास का नुकसान न हो सके। बड़े गंज करीब ५० फुट घेरे में तथा पचास फुट ऊंचाई के हिसाब से बनाये जाते हैं। चौकीदार दिन रात संग्रहालय की देखभाल करता है। बड़ी गंजों के निर्माण से घास को सुरक्षित रखना आसान होता है और बंडल बनाने में सुविधा होती है।

बण्डल बनाना

दो तरह से बण्डल बनाये जाते हैं—एक हाथ से दूसरा तरीका बैल या मशीन से। हाथ से बण्डल बनाते समय चार पांच आदमी सूखी घास को दबाव से भर देते हैं, लेकिन दोनों तरीकों में फर्क यह है कि हाथ से खींचे जाने वाले जंजीर

से बोर्ड नीचे से ऊपर उठाया जाता है जब कि बैल शक्ति में गर्म पुर्जा एक लम्बे सपटेन से चलाया जाता है। सपटेन की एक ओर गरम पुर्जा रखा जाता है और उसकी दूसरी ओर एक पुर्जा रखा जाता है जो बैल से घुमाया जाता है तथा जंजीर कोई चार पांच बार गरम पुर्जे के चारों ओर जाती है। इस प्रकार बोर्ड नीचे से ऊपर आता है और कुछ सीमा तक आने के बाद उसे रोका जाता है। दोनों प्रकार के दबाव में तारों को बण्डल में बांध दिया जाता है। हैड्रोलिक-शक्ति से भी घास का बण्डल बनाया जाता है। तुलना में हाथ दबाव का भार बैल शक्ति दबाव की अपेक्षा कम होता है। दोनों तरीकों में साधारणतया १४ गेज के तार का इस्तेमाल किया जाता है और खर्च भी बराबर है। इसलिये प्रति १००० पौंड के लिये तार को मिलाकर बंडल खर्च छः रुपया है। ऐसे बंडलों का एक गोदाम में संग्रह किया जाता है और प्रति १००० पौंड का खर्च दो रुपया पड़ता है।

बाजार भेजना

उत्पादक कई वेगन घास एकत्र करते हैं और मांग के अनुसार विभिन्न केन्द्रों में वेगनों द्वारा घास भेज देते हैं। इस प्रकार प्रति १००० पौंड का खर्च करीब आठ आना पड़ता है। तब दलाल वेगन छुड़ाते हैं और बाजार दर के अनुसार उन्हें बेच देते हैं तथा वे अपना कमीशन काटकर बाकी पैसा मालिकों को भेज देते हैं। उत्पादकों को दलालों से ही पैसा लेना पड़ता है। इस तरीके से नियमित रूप से घास बनाना तथा बेचने का व्यापार चलता रहता है। यह व्यापार करीब ढाई करोड़ की लागत के पचास करोड़ पौंड घास का होता है।

घास के प्रति १००० पौंड का खर्च इस प्रकार है :—

१—चरागाह की चहारदीवारी के लिये रु०	०-५०
२—वर्ष भर चौकीदार के लिये	१-००
३—काटने के खर्च के लिये	८-००
४—गाड़ी के खर्च के लिये	२-००
५—ढेर लगाने के लिये	१-००
६—संग्रहालय के चौकीदार के लिये	०-५०
७—तार सहित बण्डल बनाने के खर्च के लिये	६-००
८—गोदाम खर्च के लिये	२-००
९—चढ़ाने के खर्च के लिये	०-५०
१०—रेल खर्च के लिये	३-५०
११—दलाल तथा दूसरे खर्च के लिये	२-००
कुल	२७-००

सभी तरह के घासों के लिये यही आम खर्च है। घासों में सब से बढ़िया मोशी है तथा भेलसेल निम्न स्तर का है। केवल फूल घास ही सबसे निम्न स्तर का घास है। घास के गुण पर ही बाजार भाव निर्भर करते हैं। साधारणतया जब बढ़िया घास प्रति १००० पौंड रुपये पर बेचा जाता है, तो दूसरे ढंग का घास ५५ या ६० रुपये पर बेचा जाता है और निम्न स्तर का घास ४० रुपये या कभी कभी उससे कम दर पर बेचा जाता है।

गोसंवर्धन वर्ष ७ अंक १-१२ (१९५९-६०) में प्रकाशित लेखों की सूची

क्रम सं०	लेख का शीर्षक	लेखक	अंक	पृष्ठ
१.	अखिल भारतीय दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता	चो. ना. दवे	सितम्बर	३२
२.	अपने पशुओं को संतुलित आहार दीजिये	वीरेन्द्रदत्त मुदगल	अक्तूबर-नवम्बर	७८
३.	अपना शब्द ज्ञान बढ़ाइये	प्रयाग चन्द मेहता	जनवरी	३९
४.	अमरीकी मेला		फरवरी	३२
५.	अधिक उत्पादन के लिये चरागाह	हरीश, सी०, सक्सेना	मार्च	२७
६.	अच्छी देखभाल, उचित प्रबन्ध, अधिक उत्पादन	डी. आर. आनन्द	अक्तूबर-नवम्बर	६२
७.	आहार तथा चारे के साधनों का उत्तम प्रबन्ध	वीणा सेठ	जनवरी	३०
८.	आन्ध्र प्रदेश में सहकारी डेरी विकास		मार्च	२९
९.	आज के किसान से	शिवनारायण पाण्डय	,,	३२
१०.	उड़ीसा में पशु-नस्लें	आर. कानूनगो	सितम्बर	२९
११.	उत्तम प्रबन्ध से बछड़े भी उत्तम होंगे	बी. एस. मलिक	अक्तूबर-नवम्बर	६३
१२.	उत्तम पशु-प्रबन्ध के लिये कुछ उपयोगी सुझाव	जो. राय	,,	७८
१३.	उत्तम प्रबन्ध में भोजन की भाँति पानी भी आवश्यक है	गिरीश माथुर	,,	८३
१४.	खुरपका और मुंहपका की रोकथाम	एस. आर. चड्ढा	अप्रैल-मई	४७
१५.	गव्यशालाओं का विकास और मिली-जुली खेती	एल. सी. सिक्का	अगस्त	२७
१६.	गाय सम्बन्धी धार्मिक कथाएँ	जगन्नाथ मिश्र गौड़ कमल "विद्यालंकार"	अप्रैल-मई	५१
१७.	गाय के प्रसवने के लक्षण तथा उसकी सावधानी	मधुकर भोसरेकर	जून	३३
१८.	गाय की देखभाल कब और कैसे ?	तेजपाल सिंह	अक्तूबर-नवम्बर	५६
१९.	गाय और किसान अन्योन्याश्रित हैं	य. म. पारनेरकर	,,	७५
२०.	गोरक्षा	गिरीश माथुर	अप्रैल-मई	५०
२१.	गोसदनों की उत्तम व्यवस्था	श्री आचार्य अभयदेव	,,	७२
२२.	गोरक्षण के बारे में श्री विनोबा के विचार	बिनोवा भावे	जून	२२
२३.	गोपालन और विश्व में उसका ऐतिहासिक महत्त्व	एस. शशीकान्त मेकवान	,,	२८

२४.	गो दुग्ध और उसका उत्पादन	कुमारी वीणा सेठ	जुलाई	२६
२५.	गोपशु के प्रबन्ध में इन तथ्यों का महत्त्व है	जगन्नाथ मिश्र गौड 'कमल'	,,	३४
२६.	गोपशु के मल-मूत्र से पूरा पूरा लाभ उठावें	जे. डो. सम्पतकुमारन्	अक्तूबर-नवम्बर	७१
२७.	गोसदन और हम	डी. पी. कथूरिया	दिसम्बर	२४
२८.	गोपशु के उत्पादन को बढ़ावा दें	इस्माइल नगौरी	,,	२५
२९.	गोपालन के कुछ सामान्य तथ्य	एस. के. पाटिल	मार्च	२४
३०.	जम्मू-कश्मीर में जंगली पशुओं का पकड़ना तथा पालना	मधुकर भोसरेकर	,,	३३
३१.	जहरी बुखार से पशु की रक्षा कीजिए	दातार सिंह	अप्रैल-मई	६४
३२.	डेरी उद्योग का समुचित विकास	प्रयागचन्द	मार्च	३२
३३.	दादा घाघ की कहावतें-अच्छे बैलों की पहचान	एस. के. पाटिल	जनवरी	३७
३४.	दूध से पोष्टिक बिस्कुट बनाइये	वीरेन्द्र दत्त मुदगल	अप्रैल-मई	४४
३५.	धान के पुआल की महिमा	चो. ना. दवे	अगस्त	२५
३६.	नस्ल-सुधार में उत्पादन परीक्षा महत्त्वपूर्ण है	घनश्याम सिंह	जून	३२
३७.	नाहन में पार्वतीय प्रादेशिक गोपशु प्रदर्शनी	एस. सी. दास	अक्तूबर-नवम्बर	८३
३८.	नियमित प्रबन्ध के लिये सांड का प्रबन्ध	टी. नारायन	अप्रैल-मई	६९
३९.	पशुओं का चुनाव और प्रजनन	वीरेन्द्र दत्त मुदगल	जून	३७
४०.	पशुओं की बीमारियों की रोकथाम	गोपालदास अग्रवाल	जुलाई	३३
४१.	पशुओं के कुछ रोगों की सरल उपचार विधियाँ	अमीरचन्द्र अग्रवाल	अगस्त	३०
४२.	पशुओं के रहने की उचित व्यवस्था	एम. आर. महाजन	सितम्बर	३४
४३.	पशु-विकास के लिये मुख्य ग्राम योजना	जगन्नाथ मिश्र गौड	दिसम्बर	३५
४४.	पशुओं के भोजन की समस्या	प्रयाग चन्द मेहता	जनवरी	२७
४५.	पशुओं में मुंह-खुर रोग	इस्माइल नागौरी	जुलाई	३
४६.	पिंजरापोल और हम	ज्वाला प्रसाद	अप्रैल-मई	७
४७.	बढ़िया चर्मालयों का निर्माण	जयन्तीलाल न. मानकर	जून	३
४८.	बम्बई राज्य का गोसंवर्धन सम्मेलन	महेन्द्र प्रताप जोहरी	अक्तूबर-नवम्बर	६
४९.	बछड़ों के पालन में इनका ध्यान रखिये	के. के. शुक्ल	,,	६
५०.	बछड़ों के साथ सावधानी बरतिये	चो. ना. दवे	,,	७
५१.	बैल गोयूथ का आधार है	एम. एल. सांकला	दिसम्बर	२
५२.	बछड़ों की देखभाल में इन तथ्यों का महत्त्व है	अबोध बन्धु बहुगुणा	अप्रैल-मई	६

ALL-INDIA MILK YIELD COMPETITIONS

THREE MILK QUEENS

Name: NASAL
Breed: Kankrej
Milk Yield (24 hours) 44.75 *lb*
Owner: Institute of Agriculture, Anand





CHANDRAWAL
Hariana cow of Goshala, Khurja
41.08 *lb Milk*

KAMLA: Gir cow of Panchavati Pinjrapole, Nasik,
41.00 *lb milk*



Regd. No. D. 817.

Practical helps for preventing

LIVESTOCK LOSSES

Experience has proven that certain practices greatly reduce the risk of loss in handling livestock.

Every effort is made to merit the continued confidence and patronage of our many friends in the livestock industry. Our constant aim is to supply dependable products of high standard quality at the lowest consistent prices and with prompt and courteous service.

You may rely implicitly upon any merchandise purchased from our company. Feel free to write us for items that are of interest to you.

All deliveries are subject to availability of stock.

We offer all that is best and latest in **INSTRUMENTS, APPLIANCES AND EQUIPMENTS** for use in **VETERINARY SURGERY, OBSTETRICS GYNAECOLOGY, ARTIFICIAL INSEMINATION** and **POULTRY HUSBANDRY.**

CIRUGIA DE LUX PRIVATE LTD.,

Head Office :
24, Chowringhee Road,
CALCUTTA-13

TELEPHONE : 23—5552

Branch Office :
Bombay Mutual Annexe Bldgs.,
IV Floor, Room No. 34,
17 Gunbow Street,
(Fort) BOMBAY-1

TELEPHONE : 26—3802

GRAM : "SURGIQUIP"

Printed and published by H. J. Makhijani, Secretary, Central Council of Gosamvardhana, New Delhi at The Zodiac Press, Tilak Marg, Delhi-6.